**NEWS CLIPPING:14.10.2021**

# PIONEER

# जेसी बोस में ई मैगजीन के पोस्टर का लोकार्पण

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जेसी** बोस विवि वाईएमसीए के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग द्वारा पिक्सटून मासिक ई मैगजीन के पोस्टर का लोकार्पण किया गया।

पोस्टर एनीमेशन ई मैगजीन का हिस्सा है। जिसमें मल्टी मीडिया के विद्यार्थी वीएफएक्स, आर्किटेक्चर, माया, री इंजन और रंगों का मनोविज्ञान के अतिरिक्त राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मल्टीमीडिया के क्षेत्र में एनीमेशन संबंधित कार्य के अवसर के विवरण से अपनी दक्षता को निखारेंगे। संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग की एक और पहल है जिसमें अध्यापकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के द्वारा विद्यार्थियों के लिए मल्टी मीडिया संबंधित कार्य में दक्षता प्राप्त करेंगे।



**जेबी बोस विश्वविद्यालय में पिक्सटून मासिक ई मैगजीन के पोस्टर का लोकार्पण करते कुलपति प्रो. दिनेश कुमार व अन्य।**

विश्वविद्यालय के सी वी रमन भवन में स्थापित देश के प्रथम डिजिटल स्टूडियो महर्षि नारद मीडिया रिसर्च सेंटर में पिक्सटून मासिक ई मैगजीन के पोस्टर का विमोचन किया गया।

जिसमें शिक्षाविद डॉ. देव प्रसाद भारद्वाज और सीएसआईआर की निदेशक प्रो डॉ. रंजना अग्रवाल डॉ. रंजना अग्रवाल, कुलपति प्रो डॉ. दिनेश कुमार और कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने पोस्टर लोकार्पण के उपरांत इसकी विशेषताओं की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए उत्कृष्ट कार्य बताया। सहायक प्राचार्य आदित्य कुमार ने ई मैगजीन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में मीडिया, फिल्म क्षेत्र में एनिमेशन का महत्व बढ़ गया है जिसमें एनीमेशन में स्नातक एवं स्नातकोत्तर की शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए कैरियर संभावनाएं प्रबल हुई हैं।

**NEWS CLIPPING:14.10.2021**

## HINDUSTAN

# एनिमेशन संबंधी कार्यों से दक्षता निखारेंगे छात्र

**फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता**

जेसी बोस विश्वविद्यालय वाईएमसीए फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग द्वारा 'पिक्सटून' मासिक ई मैगजीन के पोस्टर का लोकार्पण किया गया। इसमें मल्टी मीडिया के विद्यार्थी वीएफएक्स, आर्किटेक्चर, माया, री इंजन और रंगों का मनोविज्ञान के अतिरिक्त राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मल्टीमीडिया के क्षेत्र में एनिमेशन संबंधित कार्य के विवरण से अपनी दक्षता को निखारेंगे।

संचार एवं मीडिया तकनीकी की एक ओर से एक पहल है, जिसमें अध्यापकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों द्वारा विद्यार्थियों के लिए मल्टी मीडिया संबंधित कार्य में दक्षता प्राप्त करेंगे।

विश्वविद्यालय के सीवी रमन भवन में स्थापित डिजिटल स्टूडियो महर्षि नारद मीडिया रिसर्च सेंटर में 'पिक्सटून' मासिक ई मैगजीन के पोस्टर का विमोचन किया गया। इसमें शिक्षाविद डॉ. देव प्रसाद भारद्वाज, सीएसआईआर की निदेशक प्रो डॉ. रंजना अग्रवाल, कुलपति प्रो. डॉ. दिनेश कुमार और कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने इसको उत्कृष्ट कार्य बताया।

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:14.10.2021**

# AMAR UJALA

## जेसी बोस विवि में पोस्टर का लोकार्पण

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विश्वविद्यालय वाईएमसीए के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग ने पिक्सटून मासिक ई-मैगजीन के पोस्टर का लोकार्पण किया। मल्टी मीडिया के विद्यार्थी वीएफएक्स, आर्किटेक्चर, माया, रि इंजन और रंगों का मनोविज्ञान के अतिरिक्त राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मल्टीमीडिया के क्षेत्र में एनीमेशन संबंधित कार्य के अवसर के विवरण से दक्षता को निखारेंगे।

शिक्षाविद डॉ. देव प्रसाद भारद्वाज और सीएसआईआर की निदेशक प्रो. डॉ. रंजना अग्रवाल डॉ रंजना अग्रवाल, कुलपति प्रो. डॉ. दिनेश कुमार और कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने पोस्टर लोकार्पण के उपरांत इसकी विशेषताओं की सराहना की। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING:14.10.2021**

# NAVBHARAT TIMES

## मैग्जीन के पोस्टर का लोकार्पण

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद**: जेसी बोस विश्वविद्यालय वाईएमसीए के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग की ओर से पिक्सटून मासिक ई-मैग्जीन के पोस्टर का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर सीएसआईआर की निदेशक प्रो डॉ. रंजना अग्रवाल, शिक्षाविद डॉ. देव प्रसाद भारद्वाज, कुलपति प्रो डॉ. दिनेश कुमार, कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग आदि उपस्थित रहे।